दैनिक न्याय साक्षी



# छत्तीसगढ़ में आज बंद रहेंगे सभी प्राइवेट स्कूल



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 14 सितंबर को सारे प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। इस दिन स्कूलों में ताले लटके रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन ने इस बंद का आह्वान किया है। एसोसियेशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने मीडिया को बताया कि प्राइवेट स्कूलों का आरटीई काकरीब 250 करोड़ रुपए बाकी है। इसे देने से हिलाहवाला किया जा रहा है। एसोसियेशन की ये है मांगे 1.पिछले 12 वर्षों से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है , इसी वर्ष से वृद्धि की जाय। 2. बसों की पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष किया जाना चाहिए . 3. निजी स्कूलों में पढऩे वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए. 4. आर.टी.ई. की रुकी हुई प्रतिपूर्ति राशि को अविलंभ स्कूलों के खाते में हस्तांतरित किया जाये 5. निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफ़एमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए . 6. गणवेश की राशि 540 रुपए से बढक़र 2000 रु. की जाए . 7. निजी विद्यालय में अध्ययनरत ह्यष्/ह्यह्ल/शड्ढष् वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाले प्री मैट्रिक एवम पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई जाय. 8. निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाये,जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जाता है.

## आरटीई के लंबित भुगतान के लिए निजी विद्यालय कर सकेंगे दावा

**वर्ष 2020-21 के लिए 21 एवं 22 सितम्बर तथा वर्ष 2021-22 के लिए 25 एवं 26 सितम्बर को दावा के लिए खुलेगा पोर्टल**

**रायपुर (आरएनएस)।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अन्तर्गत जिन विद्यालयों के द्वारा विगत वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 दोनो वर्षो का दावा नही किया गया है उनके लिये विभाग द्वारा आरटीई पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2020-21 के लंबित भुगतान दावा के लिए 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को तथा वर्ष 2021-22 के लंबित भुगतान दावा के लिए 25 एवं 26 सितम्बर 2023 तक पोर्टल को खोला जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में समस्त निजी विद्यालयों को सूचित किया गया है, ताकि वे निर्धारित तिथियों में दावा करें। संबंधित निजी विद्यालयों के दावा राशि के सत्यापन उपरांत पात्र विद्यालयों के खाते में राशि अन्तरित करने की कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन के द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें कंडिका-5 में उल्लेख किया गया है कि, शुल्क प्रतिपूर्ति की लगभग 250 करोड़ रूपए की राशि लंबित है, जिसका भुगतान किया जाए।

प्रकरण के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि जिन निजी विद्यालयों का भुगतान लंबित है उनके स्वयं के द्वारा निर्धारित समय पर दावा नहीं किया गया है, या उनके द्वारा नोडल अधिकारी से सत्यापन करा कर आवश्यक दस्तावेज समय पर जिला कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। यथा वर्ष 2020-21 में सेन्ट्रल हेड (कक्षा 1 से 8वीं) में 162 निजी विद्यालय एवं स्टेट हेड (कक्षा 9वीं से 12वीं) में 147 निजी विद्यालयों के द्वारा समय पर दावा नहीं किया गया है, जिनका भुगतान लंबित है। इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में सेन्ट्रल हेड (कक्षा 1 से 8वीं) में 62 निजी विद्यालय एवं स्टेट हेड (कक्षा 9वीं से 12वीं) में 103 निजी विद्यालयों के द्वारा समय पर दावा नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप उन विद्यालयों का भुगतान नहीं हुआ है।

इस कार्य हेतु विभाग द्वारा बार-बार तिथि निर्धारित किए जाने के उपरांत भी शुल्क प्रतिपूर्ति राशि की मांग नहीं की जाती है। परिणामस्वरूप आगामी वर्ष का देयक जनरेट नहीं हो पाता है एवं भुगतान लंबित होता है। जिन निजी विद्यालयों के द्वारा निर्धारित समय में दावा किया गया है उन विद्यालयों के खाते में राशि अन्तरण किया जा चुका है।

निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी जिले के द्वारा या निजी विद्यालय के द्वारा शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि की मांग की जाती है तो उसे विभाग द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### असामायिक मृत्यु के दो प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग लैलूंगा एवं घरघोड़ा अंतर्गत दो लोगों की प्राकृतिक आपदा से असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-टुरटुरा तहसील मुकडेगा के भुनेश्वर पैंकरा की 22 नवम्बर 2022 को कुएं के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मोहिनी पैंकरा को 4 लाख रुपये तथा घरघोड़ा के मंगलू जोल्हे की 20 मार्च 2023 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर एतवारिन जोल्हे को 4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान कार से साढ़े 9 लाख रुपए जब्त

**बिलासपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने संदिग्ध वाहनों पर सतत निगरानी रख रही है. तारबाहर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार से 9 लाख पचास हजार रुपए जब्त किया है।
पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देश पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था और आगामी विधानसभा चुनाव 2023-2024 के मद्देनजर संदिग्ध वाहनों पर सतत निगरानी रखी जा रही है. जगह-जगह चेक पोस्ट और पेट्रोलिंग लगाकर वाहनों की तलाशी की जा रही है. अतिरिक्त अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक संजीव ठाकुर ने व्यापार विहार मार्ग पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेंकिंग की. वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 9,50,000 रुपए बरामद हुए, जिसके संबंध में वैधानिक जवाब नहीं मिलने पर उक्त रकम को जब्त किया गया. राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न होना है. इसके चलते धारा 102 जाफौ के तहत राशि जब्त की गई.

### यूपीएससी की मुख्य सिविल सर्विस परीक्षा कल से

**रायपुर (आरएनएस)।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सर्विस 2023 की मुख्य परीक्षा 15, 16, 17, 23 और 24 सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। जिसमें प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

### भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायपुर (आरएनएस)।** भूतपूर्व सैनिकों के मेघावी पुत्र/पुत्रियॉ के लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे जो कक्षा छठवी से बारहवीं तक 71 प्रतिशत से अधिक एवं स्नातक की डिग्री करने वाले बच्चे जो 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है वे इस योजना के लिए पात्र होंगे। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि रायपुर संभाग के जिन भूतपूर्व सैनिकों का पंजीयन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर में हो चुका है वे अपने बच्चों के छात्रवृत्ति हेतु आवेदन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही पहले भाग में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तय की गई है और दूसरे भाग मे यह तिथि 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर में अपने सभी दस्तावेजों के साथ संपर्क किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ में तीन नए केन्द्रीय विद्यालय खुलेंगे

**मुंगेली, सूरजपुर और शक्ति जिले के लिए भेजा गया प्रस्ताव**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही मुंगेली, सूरजपुर और शक्ति जिले में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे. इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से प्रस्ताव भारत सरकार को भेज दिया गया है. इसकी जानकारी रायपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रचार्या सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर ने दी।

जल्द ही अस्तित्व में आएंगे विद्यालय: दरअसल, रायपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की ओर से 11 और 12 सितंबर को दो दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इसमें बच्चों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की गई. इस प्राचार्य सम्मेलन में प्रदेश के 37 केंद्रीय विद्यालय के सभी प्राचार्य शामिल हुए थे. पूरे छत्तीसगढ़ में 37 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं. पूरे प्रदेश में जिलों की बात की जाए तो 33 जिले हैं. केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जल्द ही मुंगेली सूरजपुर और शक्ति जिले में केंद्रीय विद्यालय अस्तित्व में आ जाएंगे।

*साल भर खेल-कूद, पढ़ाई-लिखाई से संबंधित गतिविधियों के साथ ही अन्य गतिविधि के संबंध में विस्तार से चर्चा सम्मेलन में की जा रही है. इस बात पर भी चर्चा होगी कि स्कूल के रिजल्ट को कैसे सुधारा जाए? स्कूल की व्यवस्थाओं में क्या कमी है? उन कमियों को कैसे दूर किया जाए? स्कूल के प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की जाएगी. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों को कैसे और आगे बढ़ाया जाए? इस पर भी फोकस किया जाएगा.*

**-विनोद कुमार, डिप्टी कमिश्नर, केंद्रीय विद्यालय संगठन**

## विद्युत करेंट से जंगली हाथी की हुई मृत्यु, आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**जांच उपरांत जीआई तार एवं झटका मशीन को किया गया जब्त**



**रायगढ़।** वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने बताया कि बीते 10 सितम्बर 2023 को बायसी परिसर अंतर्गतम ग्राम मेढ़रमार के सामरफुदगा नामक स्थान में देवसिंह राठिया के निजी राजस्व भूमि धान के खेत में 01 वन्यप्राणी जंगली हाथी नर उम्र 45 वर्ष मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना परिसर रक्षक द्वारा दूरभाष के माध्यम से वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमजयगढ़ को दिया गया। सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित कर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ घटना स्थल में पहुंचकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से जांच निरीक्षण किया। मौके में वन्यप्राणी जंगली नर हाथी मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। मृत जंगली हाथी के सूड में जलने का निशान देखा गया। जिला स्तरीय गठित पशु चिकित्सा अधिकारियों को पोस्ट मार्टम हेतु सूचित किया गया। मृत जंगली हाथी के शव का पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमानुसार पोस्ट मार्टम कर उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ के समक्ष किया गया तथा विषरा जांच हेतु मृत हाथी के अंगों का सैम्पल तैयार किया गया। तत्पश्चात विधिवत गड्ढा खोदकर दफन-कफन किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारियों के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट अनुसार वन्य प्राणी जंगली हाथी की मृत्यु करेंट से होना पाया गया है।

उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि घटना स्थल के पास ही अरूण विश्वास साकिन मेढरमार कालोनी के द्वारा अपने धान एवं मक्का के फसल की सुरक्षा हेतु खेत के चारों ओर मेढ़ में नंगा जीआई तार लगाया हुआ मिला। जिसकी चपेट में आने से वन्यप्राणी हाथी की मृत्यु हुई है। जांच उपरांत जीआई तार एवं झटका मशीन को जप्त किया गया। आरोपी अरूण विश्वास साकिन मेढरमार कालोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर जप्ती नामा तैयार कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 02, 09 49 ए, 50 एवं 51 के तहत वन अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## लैलूंगा पुलिस को बैंक में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता, आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**एफआईआर के महज कुछ घंटों में दो आरोपी चढ़े लैलूंगा पुलिस के हत्थे,**

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लैलूंगा शाखा में बीते 11 सितंबर की रात्रि सेंधमारी कर चोरी का प्रयास करने वाले अज्ञात आरोपियों को अपराध कायम के 8 घंटे के भीतर पहचान कर आरोपियों के ठिकानों में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है।

घटना को लेकर कल दिनांक 12.09.2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा लैलूंगा के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार गढतिया थाना आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.9.2023 को हर रोज की भांति शाम 5:30 बजे तक बैंकिंग कार्य बाद वे घर चले गये। बैंक में गार्ड कार्यरत गार्ड रात्रि करीब 11:30 बजे मोबाइल से सूचना दिया कि बैंक के पीछे दीवाल में कुछ तोड़फोड़ करने की आवाज आई है। सूचना पाकर बैंक आये और गार्ड के साथ बैंक के पीछे दीवार जाकर देखे तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैंक में चोरी करने की नियत से सेंधमार कर छेद बना रहे थे जो इनकी आवाज से भाग गये। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा उच्च अधिकारियों को अज्ञात आरोपियों के बैंक सेंधमारी के प्रयास की जानकारी दी गई। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा बैंक में घटित घटना को गंभीरता से लेकर तत्काल अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये टीम बनाकर दबिश दिये जाने हेतु लैलूंगा प्रभारी को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा टीम तैयार कर एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर सक्रिय किये गये मुखबिरों से जानकारी लेकर छापेमारी शुरू किया गया। इसी दरम्यान दो संदिग्ध व्यक्तियों के लैलूंगा- पत्थलगांव रोड पर देखे जाने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम उन्हें हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिनसे 11 सितंबर की रात्रि दोनों को बैंक के पास देखे जाने के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर बैंक में सेंधमारी कर चोरी का असफल वारदात की बात बताये। आरोपियों ने अपने मेमोरेंडम कथन में अपना नाम – (1) उसत दास महंत पिता गुलाब दास महंत उम्र 22 वर्ष निवासी सारस्माल थाना लेलूंगा जिला रायगढ़ (2) शिव शंकर सारथी पिता विजय कुमार सारथी उम्र 21 वर्ष निवासी शासकोवा चौकी रैरूमा थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ का होना बताएं जो अपने एक अन्य साथी निवासी फोकटपारा लैलूंगा के साथ मिलकर योजना बनाकर बैंक के पीछे दीवाल को लोहे के सब्बल से सेंधमार कर चोरी करने हेतु प्रवेश करने के लिए छेद करना बताये। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे 11 से 12 बजे का समय वारदात को अंजाम देने के लिये सुनिश्चित किये थे, इन्हें जानकारी थी कि लैलूंगा पुलिस प्रतिदिन रात्रि गस्त में समय-समय पर बैंक को चेक करती है।

गिरफ्तार आरोपी शंकर सारथी दो साल पहले भी भारतीय स्टेट बैंक पत्थलगांव में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सेंधमारी कर 10 लख रुपए चोरी करना बताया और इस मामले में 2 साल सजा काटना बताया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सब्बल को बैंक के पीछे झाड़ी से बरामद किया गया है जिसे आरोपियों द्वारा फेंककर भागना बताए, गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है तथा फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

अज्ञात आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक हेलारियूस तिर्की, जॉन प्रकाश टोप्पो , राजू तिग्गा और प्रमोद भगत की विशेष भूमिका रही है।

## महापल्ली के मृतकों में नहीं मिला डायरिया के लक्षण, खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने दी जानकारी

**उल्टी-दस्त के मरीजों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में चल रहा उपचार**

**रायगढ़।** रायगढ़ जनपद के ग्राम महापल्ली में डायरिया फैलने की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग की काम्बेट टीम द्वारा तत्काल ग्राम महापल्ली जाकर डायरिया के संबंध में जानकारी ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईग से महापल्ली से मात्र 1.2 कि.मी की दूरी पर स्थित है। जहां दो व्यक्तियों की मृत्यु होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। स्वास्थ्य विभाग को सरपंच ने बताया कि ग्राम महापल्ली के दो व्यक्ति भगवान सिंह राजपूत उम्र 63 वर्ष जो अस्थि से संबंधित रोग से पीड़ित था। जो सुनने में भी असक्षम था, जिसकी सामान्य मृत्यु हुई थी। इसी प्रकार उकिया भुईहर उम्र 75 वर्ष जो कि वृद्धावस्था के कारण पूर्व से ही अस्वस्थ एवं अपने दैनिक कार्य में भी असक्षम थी। उनकी सामान्य मृत्यु हुई थी। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग ने बताया कि ग्राम महापल्ली में उल्टी-दस्त के कुल 27 मरीज थे, जिसमें 16 का उपचार चल रहा है एवं 9 को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। पीएचई विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम-महापल्ली में उल्टी-दस्त की शिकायत मिलने पर विभाग द्वारा लगातार पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया जा रहा है। साथ ही जांच हेतु सेम्पल लिया गया है।

## जी20 बैठक के लिए रायपुर पुलिस की मुस्तैद व्यवस्था

**800 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे तैनात**




**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में 18 और 19 सितंबर को आयोजित होने वाली त्र20 की बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है. नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे.

बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों को कोई परेशानी ना हो और उनकी सुरक्षा में चूक ना हो, इसके लिए रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने 800 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को मुस्तैद करने का निर्णय लिया है. नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. आयोजन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में ड्रोन और खोजी कुत्तों के दल को पदस्थ किया जाएगा. खोजी कुत्तों से कार्यक्रम स्थल और आस-पास के इलाकों का जायजा लेने के बाद क्लीरियंस दिया जाएगा.

बैठक के मद्देनजर 12 एएसपी, 25 डीएसपी, 50 इंस्पेक्टर और 800 जवानों की ड्यूटी लगाई है. कार्यक्रम के दिन से तीन दिन पूर्व ही जवानों को नवा रायपुर में पॉइंट बनाकर पदस्थ कर दिया जाएगा. जवानों का नेतृत्व राजपत्रित अधिकारी करेंगे. रायपुर जिले में पदस्थ पुलिसकर्मियों के अलावा लाइन और दूसरे जिलों से पुलिस अधिकारियों और जवानों को पदस्थ किया जाएगा. तीन लेयर में प्रतिनिधियों की सुरक्षा होगी।

## छत्तीसगढ़ में फिर होगी झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी की चेतावनी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 24 घंटो के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के कई जिलों में मानसून का असर दिखेगा और इन क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए चेतावनी जारी की है।



मौसम विभाग की माने तो आने वाले 24 घंटो के दौरान सुरजपुर, कोरिया, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कबीरधाम, बलौदाबाजार, मुंगेली, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गरियाबंध, धमतरी, कांकेर, बालोद, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इस दौरान गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, कोंडागांव, बस्तर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय म्यांमार के ऊपर 3.1 द्मद्व से 7.5 द्मद्व तक विस्तारित है। अगले 72 घंटे में इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर बनने की संभावना है। मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, तेलंगाना, पूर्वोत्तर भारत, पूर्वोत्तर राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान, बिहार, झारखंड, आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, पश्चिमी मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में हल्की बारिश हो सकती है।

### रायगढ़ जिले में 994 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 13 सितम्बर तक 994 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 997.5 मिली मीटर, पुसौर में 1064, खरसिया में 749.9, घरघोड़ा में 975, तमनार में 965.8, लैलूंगा में 1018, मुकडेगा में 1109.2, धरमजयगढ़ में 1084.7, छाल में 867.5 एवं कापू में 1108.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480